482818/2024

संख्या-46/81-2-2024-800(269)/2023

प्रेषक,

दिनेश कुमार सिंह,
अनु सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

प्रधान मुख्य वन संरक्षक/
नोडल अधिकारी, उ0प्र0 लखनऊ।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन अनुभाग-2 लखनऊ दिनांक 31 जनवरी 2024

विषय- एन0टी0पी0 .सी0 रिहन्दनगर बीजपुर-सोनभद्र के रेनुकूट वन प्रभाग के अन्तर्गत रिहन्द सुपर थर्मल पावर परियोजना के निर्माण में प्रभावित 555.759 है0 आरक्षित वनभूमि के बिना वृक्ष पातन के गैरवानिकी प्रयोग की अनुमति के सम्बन्ध में। (प्रस्ताव संख्या-एफपी/यूपी/The/36097/2018)

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्रांक-1702/11-सी-एफपी/यूपी/अदर्स/442312/2023 दिनांक 08.01.2024 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करें।

2- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रश्नगत प्रकरण में निम्नानुसार आख्या/अभिलेख शासन को शीघ्र उपलब्ध कराने का कष्ट करें :-

1. प्रश्नगत परियोजना प्रस्ताव में भारत सरकार द्वारा निर्गत विधिवत स्वीकृति एवं शासन द्वारा निर्गत अनुमति आदेश की प्रति संलग्न नहीं है।
2. प्रश्नगत परियोजना प्रस्ताव में प्रयोक्ता एजेन्सी के स्तर पर कोई देयता तो नहीं है ?
3. प्रश्नगत परियोजना प्रस्ताव से सम्बन्धित पट्टाविलेख की प्रति प्रमाणित प्रति।
4. प्रस्तावित वनभूमि सम्बन्धित मूल लीज की प्रति संलग्न नहीं है।
5. प्रश्नगत परियोजना प्रस्ताव भूमि हस्तान्तरण से सम्बन्धित है अथवा नियमतीकरण ?
6. टाइमलाइन से प्रतीत हो रहा है कि प्रश्नगत परियोजना प्रस्ताव परिवेश पोर्टल पर 2018 सबमिट किया है, किन्तु शासन को दिनांक 13.10.2023 को उपलब्ध कराया गया। स्पष्ट किया जाये।

भवदीय,

Digitally Signed by दिनेश कुमार सिंह
Date: 31-01-2024 16:43:56
Reason: Approved

(दिनेश कुमार सिंह)
अनु सचिव।

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, उ0प्र0, लखनऊ।

पत्रांक– 1910 /11–सी–FP/UP/The/36097/2018, लखनऊ, दिनांकः फरवरी 02 ,2024

प्रतिलिपि– मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त आपत्तियों का निराकरण कर वांछित बिन्दुवार सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख ऑनलाइन परिवेश पोर्टल पर अपलोड कराने का कष्ट करें।

प्रतिलिपि– प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग, रेनुकूट को इस आशय से प्रेषित कि उपरोक्त आपत्तियों का निराकरण कर वांछित बिन्दुवार सूचना एवं उससे सम्बन्धित अभिलेख ऑनलाइन परिवेश पोर्टल पर अपलोड कराना सुनिश्चित करें।

प्रतिलिपि– उप महाप्रबन्धक (मा0सं0), एन0टी0पी0सी0 रिहन्द सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट, रिहन्दनगर, बीजपुर, जिला–सोनभद्र को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(अनुपम गुप्ता)
प्रधान मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उ0प्र0, लखनऊ।